प्रेस नोट **06/04/2024**

अवैध गांजा के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार-

थाना घोसी पुलिस द्वारा दिनांक 05.04.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर हडउवा बाई पास थाना घोसी जनपद मऊ के पास से मुस्कान कुमारी पत्नी मेजर कुमार निवासी सिन्धुवापार थाना बडहलगंज जनपद गोरखपुर के कब्जे से 02 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 136/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में वारंटी/वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में कुल 18 वारंटी, 01वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिसमें थाना कोतवाली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर भीटी चौराहे के पास से मु0अ0सं0 58/24 धारा 363,366,376(3) भादवि व धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त दीपक राजभर पुत्र श्रीराम राजभर निवासी अतरौल पाण्डेय रतनपुरा थाना हलधरपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

18 वारण्टी अभियुक्त-

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण रामानन्द, धनिया, रामाधार, मुरहिया निवासी देवपरवा, मुन्ना उर्फ लालजी, सुनीता निवासीगण बडापोखरा, महेन्द्र प्रसाद निवासी राजारामकापुरा, अतुल सिंह उर्फ झब्बर निवासी परदहा, विजय चौधरी, विशाल निवासीगण महरनियॉ, रमेश यादव निवासी ख्वाजाजहापुर, राजकुमार, बाबू निवासीगण सहादतपुरा थाना कोतवाली, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा गुड्डू, इकबाल, क्यूम निवासीगण चेलारामकापुरा, संतोष कुमार राय निवासी सहरोज थाना कोपागंज, थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा नवीन उर्फ लोढ़ा निवासी नेवादा थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

◆एंटीरोमियो टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरूक

आज दिनांक 06.04.2024 जनपद मऊ के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा शासन द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन/महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी

महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 06.04.2024 पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में अर्धसैनिक बल व जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/एरिया डॉमिनेशन कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया जा रहा आश्वस्त।